Publication: **Prabhat Khabar** I Region: **Kolkata** I Date: **22/04/2014** I Page No.: **12**

15 रुपये में एक करोड़ की बीमा

मुंबई. रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 15 रुपये रोज के खर्च पर एक करोड़ रुपये के बीमा संरक्षण वाली ऑनलाइन टर्म जीवन बीमा योजना 'रिलायंस आनलाइन टर्म' सोमवार को पेश की. कंपनी का दावा है कि यह सबसे सस्ती ऑनलाइन टर्म पालिसियों में है. एक करोड़ रुपये का यह कवर 25 साल के स्वस्थ युवक के लिए मिलेगा. इस पॉलिसी में 75 साल की आयु तक बीमा सुरक्षा की पेशकश की गयी है. इसमें 18 से 55 साल की आयु वालों के लिए कम से कम 10 साल और अधिक से अधिक 35 साल के लिए बीमा सुरक्षा दी जाती है और अलग-अलग वार्षिक प्रीमियम पर 50 लाख रुपये, 75 लाख रुपये और एक करोड़ रुपये की पॉलिसी की पेशकश की गयी है.